तापमान

अधिकतम 32.7 डिग्री
न्यूनतम 11.6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 2 मार्च 2026

10 जरूरतमंद बेटियों की शादी करवाना पुण्य का काम



10 पीलिया, हेपेटाइटिस-ए के बढ़ते मामलों पर...



## खबर संक्षेप

### बच्चे को बंधक बनाकर मारपीट का आरोप

**करनाल।** मॉडल टाउन एरिया में एक दुकानदार पर 12 वर्षीय बच्चे को जबरन दुकान पर ले जाकर मारपीट करने, बाथरूम में बंद रखने और सिर मुंडवाने का गंभीर आरोप लगा है। बच्चे की मां की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ित बच्चे की मां ने बताया कि वह मॉडल टाउन की दुकान पर काम करती है। शनिवार को उसकी तबीयत खराब थी, जिस कारण वह काम पर नहीं जा सकी। आरोप है कि दुकानदार उसके 12 वर्षीय बेटे को जबरन काम कराने के लिए ले गया।

### ट्रक की टक्कर से मजदूर की मौत

**पानीपत।** पानीपत की बरसत रोड पर नूरवाला अड्डे पर मजदूरों के पट्टे पर रविवार की सुबह ट्रक की चपेट में आने से आरिफ नामक मजदूर की मौत हो गई। जबकि दूसरा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक, ट्रक को मौके पर ही छोड कर फरार हो गया। घायल को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं, पुलिस ने जांच के बाद मोहम्मद आरिफ के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। मजदूरों ने आरोप लगाया कि ट्रक ड्राइवर नशे में धुत्त था, उसने जानबूझकर ट्रक को मजदूरों की तरफ मोड़ दिया।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक को सुए घोपे

**पानीपत।** पानीपत की विद्यानंद कालोनी निवासी मुबारक पर पुरानी रंजिश के चलते नाजिम व राजा निवासी पीर वाली गली ने बर्फ तोड़ने वाले सुए से उस पर कई वार किए। हमले में मुबारक बुरी तरह घायल हो गया। इधर, राहगिरों ने मुबारक को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। मुबारक ने मेडिकल रिपोर्ट के साथ थाना चांदनीबाग पुलिस को लिखित शिकायत देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### उद्यमी के अपहरण का किया प्रयास

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 29 पार्ट-2 स्थित आकांशु त्यागी पुत्र मुकेश त्यागी निवासी हुडा सेक्टर 18 ने आरोप लगाया कि 27 फरवरी की सुबह कृष्ण मिगलानी निवासी हुडा सेक्टर 11/12 ने अपने बेटे रोहित मिगलानी और अपने पंद्रह साथियों के साथ अपहरण की चेष्टा की। वहीं आकांशु त्यागी जैसे तैसे इनके चंगुल से निकल गया।

### अमृतसर-अयोध्या धाम के बीच चलेगी विशेष ट्रेन

**अंबाला।** होली के त्योहार पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने अमृतसर और अयोध्या धाम के बीच विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन पंजाब के प्रमुख शहरों जैसे जालंधर, लुधियाना और पटियाला को सीधे राम नगरी अयोध्या से जोड़ेगी। अंबाला मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार झा ने बताया कि ट्रेन 04684 अमृतसर से पांच मार्च को दोपहर 2:30 बजे रवाना होकर अंबाला कैंट होते हुए अगले दिन सुबह 10:35 बजे अयोध्या धाम पहुंचेगी।

## प्रदेश स्तरीय कृषि विकास मेले में कृषी मंत्री ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन

# फ्लैट निर्माण जैसी तकनीक को खेती में भी प्रयोग करने की जरूरत : राणा

प्राकृतिक तरीके से खेती और कम पानी वाली फसलों को अपनाने की जरूरत : कृषि मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



लाडवा। प्रगतिशील किसान को सम्मानित करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जिस प्रकार आबादी के बढ़ने पर फ्लैट निर्माण हो रहे हैं वैसे ही खेती में भी तकनीक का प्रयोग करने की जरूरत है। धरती पर जमीन का दायरा तय है। जैसे-जैसे परिवार बढ़ रहा है वैसे ही भूमि घट रही है। किसानों को समझना होगा कि वो अपनी जमीन को कैसे बचाएं। प्राकृतिक तरीके से खेती और कम पानी वाली फसलों को अपनाने की जरूरत है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा रविवार को लाडवा की अनाज मंडी में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की ओर से आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय कृषि विकास मेले के समापन पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। मंत्री श्याम सिंह राणा ने मेला परिसर और प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कृषि मंत्री का चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने स्मृति चिन्ह, पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया।

मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्राचीन समय से कहावत में उत्तम खेती मध्यम व्यापार कहा जाता है। इसका मतलब है कि शुरूआत से ही खेती को उत्तम माना जाता है। जिस देश की खेती उत्तम होगी, वो देश उतनी ही तरक्की करेगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश की जमीन सबसे ज्यादा समतल है। यहां पर देश में सबसे ज्यादा अनाज का उत्पादन होता है। हर फसल का उत्पादन यहां पर किया जाना संभव है। हमारे बुजुर्ग शुरू से ही हर तरह की फसल का उत्पादन करते आए हैं।

**प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित:** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा ने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। इनमें पलवल के गांव मीरपुर कौराली निवासी इंदिरा देवी, आदमपुर निवासी रेखा, भिवानी के गांव नाथूवास निवासी मुन्नी बाई, फैज्जुपुर खाद निवासी सरिता, मेवात के संगेल निवासी मंचनल रानी, गांव ढाणी डूल्टर निवासी सरोज, झज्जर के गांव देव नगर निवासी मनीषा, रेवाडी के गांव मोहम्मदपुर निवासी शिला देवी, करनाल के गांव टीकरी निवासी ईलम सिंह, यमुनानगर के गांव खुंडेवाला निवासी बेअंत सिंह, महेंद्रगढ़ के गांव खायरा निवासी योगेंद्र कुमार, लखमीरवाला निवासी सुभाष चंद, कैथल के गांव जसवंती निवासी प्रदीप कुमार, पंचकूला के गांव बडोना कलां निवासी जैब, सोनीपत के गांव आहुलाना निवासी सैशन कुमार, कुरुक्षेत्र के उमरी निवासी प्रेम पाल सिंह, अंबाला के गांव बकनौर निवासी अरविंदर सिंह, रोहतक के गांव रिठाल निवासी नीरज, सिरसा के गांव रुपाना निवासी सुरेंद्र कुमार, मेवात के उजीना निवासी मनीष पाल और झज्जर के गांव वजीरपुर निवासी संदीप को सम्मानित किया गया।

### किसानों को सम्मानित किया

कृषि मंत्री ने ड्रा योजना के तहत ड्रम से पर्ची निकाली, इसमें दूसरे दिन पानीपत के गांव मदी निवासी संदीप की धान की सीधी बिजाई करने वाली डीआरएस मशीन निकली। मंच से पहले दिन ड्रा में निकले ट्रैक्टर, डीआरएस मशीन व रोटावेटर मशीन देकर किसानों को सम्मानित किया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस मौके पर मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, मार्केट कमेटी चेयरमैन डा. गणेश दत्त, कुलसचिव डा. पवन कुमार, डा. कृष्ण कमार यादव, अनुसंधान निदेशक डा. राजबीर गर्ग, डा. संजय कुमार, कृषि उप निदेशक डा. कर्मचंद, जिला बागवानी अधिकारी डा. शिवेंद्र प्रताप सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### किसी और के खातों में भेजे जाते थे पैसे

मंत्री श्याम सिंह राणा ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले की सरकारों ने खेती की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कार्यालयों में बैठकर किसान के लिए योजनाएं तैयार की, जिनका खेत से कोई संबंध नहीं था और हमारा किसान पिछड़ा चला गया। जिसका परिणाम ये हुआ कि आज को युवा किसानी-खेती को घाटे का सौदा मानते हुए कृषि करने की बजाए नौकरी करना पसंद करता है। कांग्रेस के शासन में किसान अपनी फसल को मंडी में बेचता था और उसकी फसल का पैसा किसान की बजाए किसी और के खातों में जाता था। किसानों को उसकी फसल का पैसा देखने को भी नहीं मिलता था। अब हरियाणा में फसल बिकते ही 48 घंटे के भीतर किसानों के खाते में पैसे पहुंच जाते हैं।

### हर साल होगा कृषि विकास मेले का आयोजन : काम्बोज

चौ.चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. डा. बीआर काम्बोज ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रकृति के साथ किसी को भी छेड़छाड़ करने का अधिकारी नहीं है। प्रकृति में विशेषकर पानी, भूमि और वातावरण शामिल है। प्रकृति के इन अंगों को सभी अपनी आने वाली पीढ़ी को सौंपने के लिए कदम बढ़ाएं और पानी, भूमि व वातावरण का सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में हर साल कृषि विकास मेले का आयोजन होगा।

## कोर्ट ने मनाना ग्राम पंचायत का असल रिकॉर्ड मांगा

**समालखा।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमआईसी) की अदालत ने मनाना गांव के पूर्व सरपंच भीम सिंह के खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार के आरोप के केस में पुलिस की कार्यप्रणाली पर कड़ा रुख अपनाते हुए जांच अधिकारी को पंचायत का असली रिकॉर्ड अदालत पेश करने के सख्त आदेश दिए हैं। स्मरणीय है कि भीम सिंह की सरपंची के दौरान उन पर वित्तीय रिकार्ड के हेरफेर के आरोप लगे थे। इन आरोपों की विभागीय जांच बीडीपीओ और उपायुक्त की रिपोर्ट के आधार पर की गई थी, जिसमें सरपंच के हस्ताक्षर वाले बिल, वाउचर और प्रस्तावों का जिक्र था। इस मामले में भीम सिंह पर थाना समालखा में बीडीपीओ की शिकायत पर केस दर्ज है। इधर, कोर्ट ने फाइल का अवलोकन करते हुए पाया कि पुलिस ने चार्जशीट तो दाखिल कर दी, लेकिन जिस पंचायत रिकॉर्ड (असली बिल, वाउचर और प्रस्ताव) के आधार पर यह पूरी जांच टिकी है, उसे कोर्ट में पेश ही नहीं किया गया। कोर्ट ने कहा कि यह न्याय के हित में आवश्यक है कि सरपंच द्वारा हस्ताक्षरित मूल पंचायत रिकॉर्ड को फाइल का हिस्सा बनाया जाए।

■ पूर्व सरपंच भीम सिंह पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप में चल रही है जांच

## शाहबाद से अपहृत युवती 24 घंटे में पंजाब से बरामद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए अपहरण के सनसनीखेज मामले को मात्र 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। शाहाबाद बराड़ा रोड से अपहृत की गई 19 वर्षीय युवती को पुलिस ने पंजाब के होशियारपुर से सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया है। घटना शाहाबाद बराड़ा रोड की है जब युवती अपने भांजे के साथ कोल्ड स्टोर के पास से आलू लेने गई थी। परिजनों के अनुसार, वहां अचानक आए पांच लोगों ने युवती का जबरन अपहरण कर लिया और फरार हो गए। परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुरुक्षेत्र एसपी के दिशा-निर्देशों पर पुलिस की विशेष टीमें गठित की गईं। पुलिस की टीम ने पंजाब के होशियारपुर में छापेमारी की। वहां एक बंद कमरे से युवती को बरामद किया गया।

## चोरी के शक में की युवक की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस ने गत 26 फरवरी को थाना झांसा एरिया के डकोत बस्ती में हुई हत्या मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग दर्शन मे अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने डकोत बस्ती जयभगवान की हत्या मामले के आरोपी हैप्पी कश्यप व राजकुमार उर्फ राजू वासीयान आरा कालोनी धुराला जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है। पीएसआई जसबीर सिंह ने बताया कि मृतक जय भगवान नशेड़ी किस्म का युवक था तथा कुछ दिन पहले चोरी करते हुए पकड़ा गया था। एक दिन पहले भी आरोपियों ने उसे धुराला में घुमते हुए देखा था तो उसे रात को घुमने का कारण पूछा तो मृतक जयभगवान भाग गया। आरोपियों को शक हुआ कि वह चोरी करने आया था। अगले दिन जयभगवान खेतों के तरफ जा रहा था जहां पर आरोपियों ने उसे देखा और रात को घूमने का कारण पूछा जिसपर उनकी बहस हो गई। बहस के दौरान आरोपियों ने मृतक के परने से गर्दन घोटकर उसकी हत्या कर दी।

■ मृतक जय भगवान नशे का आदी था

## अधिकारी बन कर रिटायर्ड महिला कर्मी से 15 लाख ठगे

**अंबाला।** साइबर ठगों ने हुडा विभाग से रिटायर्ड 61 वर्षीय महिला बेलदार की जमा पूंजी साफ कर दी। ठगों ने महिला को एटीएस अधिकारी बन कर कॉल की गई। बताया गया कि उसका आधार कार्ड आतंकी अफजल खान के पास के पास मिला है। उसके अकाउंट में 70 लाख रुपए का लेन देन हुआ है। उसको डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर 15 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए गए। यहां की रहने वाली सुमन ने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। वह हुडा विभाग में बेलदार के पद से रिटायर्ड हुई है। सुमन ने बताया कि 17 फरवरी को एक शख्स ने वीडियो कॉल कर खुद को एटीएस इंस्पेक्टर रणजीत कुमार यादव बताया। उसने कहा कि पहलगाम में पकड़े गए आतंकी अफजल खान के पास आपका आधार कार्ड मिला है। उसने महिला को कहा कि उसने अपना एचडीएफसी बैंक खाता आतंकियों को बेच दिया है। उसमें 70 लाख रुपए आए हैं।

■ डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर पैसे करवाए ट्रांसफर

## विदेश भेजने के नाम पर युवक से हड़पे 14 लाख 60 हजार

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर गांव बसातियां वाला निवासी अरुण शर्मा से 14 लाख 60 हजार रुपए हड़प लिए गए। आरोप जिला कुरुक्षेत्र के गांव मथाना निवासी नीलम उर्फ आरती शर्मा व उसके पति अनिल कुमार शर्मा पर लगा है। पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव बसातियां वाला निवासी अरुण शर्मा ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह विदेश जाकर पढ़ाई करना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात जिला कुरुक्षेत्र के गांव मथाना निवासी नीलम उर्फ आरती शर्मा व उसके पति अनिल कुमार शर्मा के साथ हुई। वह आरोपियों की बातों में आ गया। उसने आरोपियों को 14 लाख 60 हजार रुपए और दस्तावेज दे दिए। काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया।

■ पुलिस ने कुरुक्षेत्र के दंपति पर दर्ज किया मामला

## बैठक में शैक्षणिक उत्कृष्टता और शोध संवर्धन पर किया विस्तृत मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में अकादमिक प्लानिंग बोर्ड की अहम बैठक विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक नीतियों, पाठ्यक्रमों के आधुनिकीकरण, शोध गतिविधियों के विस्तार, उद्योगों से सहयोग तथा विद्यार्थियों के कौशल विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर डॉ. धनपत राम अग्रवाल की पुस्तक मोनोग्राफ आन आईपीआर लॉ एंड आईपीआर मैनेजमैंट का विमोचन भी किया गया। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप लचीला, बहुविषयक और शोधोन्मुखी बनाना समय की मांग है। उन्होंने विद्यार्थियों को रोजगारपरक एवं कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने, डिजिटल शिक्षण संसाधनों को सुदृढ़ करने पर बल दिया।

■ कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

## युवा शक्ति के संकल्प से ही बनेगा नशामुक्त समाज: रणबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग की एनएसएस इकाई-1 एवं इकाई-2 द्वारा मिजार्पुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। शिविर का आयोजन डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. ए.आर. चौधरी के मार्गदर्शन में तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राज रतन एवं डॉ. सतीश कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ। समापन दिवस के प्रातः कालीन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में रणबीर सिंह बतान, लोकपाल, पंजाब सरकार गरिमामय उपस्थिति के साथ शामिल हुए। अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं को न केवल स्वयं नशे से दूर रहने, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाकर नशामुक्त वातावरण के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति यदि संकल्पित हो जाए तो किसी भी सामाजिक बुराई का उन्मूलन संभव है।

■ सात दिवसीय विशेष शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## राजा उदय सिंह की हवेली का पुरातत्व विभाग की टीम ने किया दौरा

### प्राचीन धरोहरों के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार के लिए सरकार ने जारी किया नोटिफिकेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

प्राचीन धरोहरों के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार के लिए सरकार ने नोटिफिकेशन जारी किया है। इसके तहत अब राजा उदय सिंह की हवेली जो पीडब्ल्यूडी का पुराना रेस्ट हाउस थी। उसे जीर्णोद्धार करके नया स्वरूप दिया जाएगा। इसे लेकर पुरातत्व विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. नरेंद्र परमार सहित केडीबी एसडीओ उपेंद्र वालिया व विशेषज्ञों की टीम ने इन ऐतिहासिक धरोहरों का अवलोकन किया।

डिप्टी डायरेक्टर डॉ. नरेंद्र परमार ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में सरकार का प्रयास है कि प्राचीन धरोहरों को नया स्वरूप देकर पर्यटन एवं आस्था का केंद्र बनाया जाए। साथ ही प्राचीन धरोहरों के



संरक्षण की ओर भी यह बढ़ता कदम है। उन्होंने बताया कि सरस्वती नदी के किनारे स्थित प्रांची मंदिरों का भी जीर्णोद्धार किया जाएगा। इन्हें नया स्वरूप देने के लिए ऐसी तकनीक का प्रयोग किया जाएगा कि इनकी प्राचीनता एवं भव्यता बनी रहे। इनमें थानेसर के दर्रा खेड़ा का प्राचीन बौद्ध स्तूप भी शामिल है जिसे विकसित करने के लिए भी नोटिफिकेशन जारी हुआ है। इसके साथ ही सरस्वती तट पर स्थित टीले का भी टीम ने भ्रमण किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती, रामधारी शर्मा, मार्केट कमेटी के चेयरमैन तरणदीप सिंह वड़ैच, सतीश सिंगला बंटी दीवाना, विनोद पंचोली,मदन मोहन छाबड़ा,उपेंद्र वालिया व पटवारी विजय शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे। इतिहासकार विनोद पंचौली के मुताबिक उस समय पर पिहोवा मेले में पशु मंडी लगती थी। जिसके संचालन का पूरा अधिकार जींद रियासत के राजा भाई उदय सिंह को था। उदय सिंह मेले के समय इस हवेली में आकर यहां पशु खरीदने बेचने के सिलसिले में यहां आने वाले व्यापारियों से टैक्स एकत्रित किया करता था।

## दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने करवाया संत संकीर्तन कार्यक्रम

# देवी-देवताओं के लिए अति दुर्लभ गुरु सेवा: स्वामी ज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में स्वामी गुरु ज्ञानानंद महाराज ने साध संगत को गुरु सेवा के महत्व को समझाया। स्वामी गुरु ज्ञानानंद ने कहा कि निराकार स्वरूप परमात्मा संपूर्ण मानव जाति का उद्धार करने हेतु साकार रूप धारण करके धरा पर अवतरित होता



है। किन्तु विडंबना है कि माया का आवरण वर्तमान काल में उसकी उपस्थिति के महत्व को समझने नहीं देता। जब वह परम सत्ता एक स्थान से अपनी लीला समेट कर दूसरे स्थान पर अवतरित होती है तो हम उनके पदचिन्हों को पूजते हैं और युगों युगों तक उनकी गुण गाथा गाते रहते हैं। लेकिन उनकी कृपा एवं पूर्वजन्म के पुण्य संस्कारों के द्वारा कुछ ही भक्त आत्माओं को वर्तमान काल में उनकी दिव्य उपस्थिति का महत्व समझ आता है। वह सौभाग्यशाली जीवात्माएं ही उनके भक्तों एवं शिष्यों के रूप में उसकी सेवा में संलग्न होती हैं। स्वामी ने गुरु सेवा की परिभाषा समझाते हुए कहा कि गुरु कभी अपनी निजी सेवा में अपने भक्त को नहीं लगाता है। बल्कि समाज कल्याण एवं धर्म व सत्य के प्रचार प्रसार हेतु अपने शिष्य को समर्पित कर देता है। क्योंकि ब्रह्मज्ञान के द्वारा जन जन को आत्मिक रूप से जाग्रत करना ही उनका ध्येय होता है। गुरु आज्ञा में चलते हुए परोपकार एवं समाज कल्याण की भावना को मुख्य रख कर जो शिष्य अपने मन वचन कर्म को समर्पित करता है वह ही सच्ची गुरु सेवा की परिभाषा को जानता है। देवी देवताओं के लिए भी गुरु सेवा अति दुर्लभ है। मगर विडंबना है कि संपूर्ण मानव समाज में से केवल कुछ मनुष्य ही उनकी सेवा में योगदान दे पाते हैं। उन मनुष्यों का परम सौभाग्य होता है जिन्हें वे अपना शिष्य बनाकर विश्व शान्ति के लक्ष्य में सहभागी बनाते हैं।

### कुछ भी देना उनके लिए असंभव नहीं

जब एक शिष्य सच्चा सेवादार बनकर सेवा के क्षेत्र में उतरता है तब गुरु उसे वह दिव्य सम्पदा प्रदान करता है जो उसकी सोच से भी परे होती है। क्योंकि धर्म अर्थ काम मोक्ष चारों पुरुषार्थों में कुछ भी देना उनके लिए असंभव नहीं है। गुरु शिष्य को अपने तपोबल के द्वारा वह आत्मिक अवस्था प्रदान करते हैं जो ऋषि मुनियों को कई जन्मों की तपस्या के पश्चात भी प्राप्त नहीं हो सकती। यह गुरु सेवा का महत्व है जो समय रहते शिष्य यदि जान ले तो उसका इस लोक एवं परलोक में सदैव कल्याण निश्चित है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सदर थाना क्षेत्र के गांव असगरपुर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार मानव केंद्र साढ़ौरा निवासी सन्नी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई मनीष 28 फरवरी को सुबह नौ बजे बाइक से किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव असगरपुर के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसके भाई मनीष की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मनीष सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने हादसे की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसके भाई मनीष को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

■ साढ़ौरा थाना क्षेत्र के गांव असगरपुर के पास हादसा

## खबर संक्षेप

### फिलिंग स्टेशन से ईंधन व नकरदी चुराने का आरोप

**यमुनानगर।** गांव संधाला स्थित केएसके फिलिंग स्टेशन से वहां काम करने वाले युवक सुमित पर दो हजार लीटर ईंधन व 14 हजार रुपये चुराने का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी सुमित के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार केएसके फिलिंग स्टेशन संधाला निवासी सचिन सिंह ने जठलाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका गांव संधाला में केएसके फिलिंग स्टेशन है। जहां पर सुमित नामक युवक नौकरी करता है। उसे फिलिंग स्टेशन से पेट्रोल व डीजल कम होने की शिकायत मिली। शिकायत के आधार पर जब उसने जांच की तो पाया कि सुमित ने फिलिंग स्टेशन से करीब दो हजार लीटर ईंधन व 14 हजार रुपए चोरी किए हैं।

### जमीन बेचने के नाम पर हड़पे 14 लाख रुपये

**यमुनानगर।** जमीन बेचने के नाम पर गांव चिंतपुर निवासी संदीप कुमार से 14 लाख रुपये हड़प लिए गए। आप गांव मानकपुर वन निवासी सुखमीत सिंह व उसकी पत्नी मेनका पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव चिंतपुर निवासी संदीप कुमार ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 2023 में जमीन खरीदना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात गांव मानकपुर वन निवासी सुखमीत सिंह व उसकी पत्नी मेनका के साथ हुई। आरोपियों ने उसे जमीन दिखाई। जमीन उसकी पसंद आ गई। इस दौरान आरोपियों ने उससे 14 लाख रुपये ले लिए।

### जरूरतमंदों को दानपुण्य कर मनाएं होली पर्वः प्रेम

**पानीपत।** पानीपत के सिविल अस्पताल स्थित जन सेवा दल के कार्यालय में रविवार को जन सेवा दल द्वारा मासिक राशन वितरण व होली उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी प्रेम सचदेवा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने अपने हाथों से सहायता कार्ड धारकों को मासिक राशन वितरित किया। वहीं स्वर्गीय मदन डूडेजा की स्मृति में उनके परिवार के अमित डूडेजा, अनमोल, कृष्णम डूडेजा ने भी प्रेम सचदेवा का राशन वितरण में सहयोग किया। इससे पूर्व महासचिव चमन गुलाटी ने सभी अतिथियों का स्वगात किया व सभी न होली की शुभकामनाएं दी। जबकि युधिष्ठिर शर्मा ने होली महोत्सव की विस्तार से जानकारी दी। जनसेवा दल के प्रधान कृष्ण मनचंदा ने अतिथियों को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया।

### महाकाली पालकी यात्रा में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**पानीपत।** ओम गुरु शरण परिवार द्वारा वार्षिक होली महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन तहसील कैंप के सुभाष नगर स्थित श्री दुःख भंजन दरबार में किया गया। महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को विशाल शोभायात्रा दरबार से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए वापसी दरबार पर आकर सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा में बैंड बाजे ढोल नगाड़े के साथ महिला श्रद्धालु संगत धार्मिक भजनों पर जमकर झूमी। शोभायात्रा के शुभारंभ से पूर्व ध्वजारोहण ईश्वर कश्यप एवं परिवार द्वारा किया गया।

### पंचायत भवन में हुआ जिलास्तरीय अनुसूचित जाति किसान प्रशिक्षण शिविर

# रासयनिक खादों के प्रयोग से जमीन की उर्वरकता हो रही खत्मः राणा

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुख्यातिथि के रूप में लिया भाग, नि:शुल्क वितरित किए 480 स्प्रे पंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जिलास्तरीय अनुसूचित जाति किसान प्रशिक्षण शिविर में संबोधित करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। *फोटो : हरिभूमि*

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (आत्मा) के अंतर्गत शहर के पंचायत भवन में जिलास्तरीय अनुसूचित जाति किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। किसान प्रशिक्षण शिविर में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्य व पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। मौके पर उन्होंने अनुसूचित जाति के किसानों को 480 स्प्रे पंप निःशुल्क वितरित किए।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है। हमारी अधिकतर आबादी खेती पर ही निर्भर है। खेती को उन्नत एवं बीमारियों से रहित बनाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा विशेष रूप से कदम उठाएं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिक पैदावार लेने के लिए किसान अपनी खेती की जमीन में अधिक रासायनिक खादों एवं दवाइयों का प्रयोग कर अपनी ही उपजाऊ भूमि की उर्वरा शक्ति नष्ट कर रहे हैं। इसका बड़ा कारण कृषि उत्पादों में बढ़ता रसायनों एवं खादों का प्रयोग है। उन्होंने कहा कि कृषि भूमि में अधिक मात्रा में रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों का प्रयोग करने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति खत्म होती जा रही है। इसके साथ ही भूमि के प्राकृतिक स्वरूप में भी बदलाव हो रहे हैं जो किसानों के लिए काफी नुकसानदायक है। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि आज हमें प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की जरूरत है। ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को जहर मुक्त भूमि दे सकें। हमें आज प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना होगा। क्योंकि हमारा खान पान लगातार दूषित होता जा रहा है। जिसके कारण भयंकर बीमारियां पैदा हो रही हैं। प्राकृतिक खेती से कृषि भूमि में जीवाणुओं की वृद्धि भी होती है और कम लागत में अधिक पैदावार प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती कृषि की प्राचीन पद्धति है और यह भूमि के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखती है।

#### पानी की बचत के लिए करें धान की सीधी बिजाई

उन्होंने कहा कि इसलिए सरकार ने किसानों के उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हमें पानी बचाने के लिए भी आगे आना होगा। यदि पानी बचाने के लिए हमें अभी से ही प्रयास नहीं किए तो हमारी आने वाली पीढ़ियों को इसका खामियाजा उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि धान की फसल में पानी की बहुत बड़ी मात्रा में खपत होती है। इसलिए हमें पानी की बचत के लिए धान की सीधी बिजाई करनी चाहिए। मौके पर उप निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग डॉ. आदित्य प्रताप ने बताया कि विभाग द्वारा जिला में अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित किसानों को आत्मा परियोजना के अंतर्गत 480 बैटरी चालित स्प्रे पंप वितरित किए गए।

## धरती पर पाप बढ़ने पर प्रभु स्वयं करते हैं रक्षाः गोयल



**यमुनानगर।** होली पर्व मनाते हुए मानव उत्थान सेवा समिति के सदस्य।

- मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा श्री ज्योति हंस मंदिर जगाधरी में मनाया होली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा श्री हंस ज्योति मंदिर जगाधरी में होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान समिति सदस्यों व श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेलकर और भजन गाकर पर्व को भक्तिभाव से मनाया। कार्यक्रम में सद्गुरु सतपाल महाराज के शिष्य पवन कुमार गोयल ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में भाग लेकर श्रद्धालुओं को होली पर्व का महत्व समझाया।

मुख्यातिथि एवं सद्गुरु सतपाल महाराज के शिष्य पवन कुमार गोयल ने कहा कि होली का पर्व हमें प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि भक्त प्रहलाद का प्रभु नाम में एकाग्रता और अगाध विश्वास था। उसके पिता हिरण्यकश्यप ने अनेकों अत्याचार से भी वह विचलित नहीं हुए और निडर रहकर नाम जपते हुए संकटों का सामना करते रहे। अंत में हार कर हिरण्कश्यप ने अपनी बहन होलिका की गोद में प्रहलाद को बिठाकर अग्नि प्रज्वलित कर दी। इस दौरान न जलने का वर प्राप्त होलीका जल गई और आग से भक्त प्रहलाद का बाल भी बांका नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि मानव में प्रभु की आकाध शक्ति छिपी है। मगर संत महापुरुषों की शरण में नतमस्तक होने पर ही प्रभु की कृपा होती है तो नाम के दाता सतगुरु देव सच्चे जिज्ञासु को नाम दान से धन्य कर देते हैं। नाम में आघाद शक्ति छिपी है। गोयल ने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं कि ब्रह्म और राम से नाम बड़ा है। मौके पर श्रद्धालु अमित भारती, राहुल चौधरी, पूर्व प्रधान अशोक शर्मा, अंकित गर्ग, सोनू शर्मा, शशिकांत शर्मा, धर्मराज, सरोज गोयल, मीणा देवी, पूजा देवी, राजबाला व नीलम देवी आदि मौजूद रहे।

## यातायात नियमों की अनदेखी से होती है सड़क दुर्घटना :डीसी

- उपायुक्त ने यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के संबंध में जिलावासियों को किया आहवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



जिला में सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए उपायुक्त प्रीति ने जिलेवासियों को यातायात के नियमों की कड़ाई से पालना करने के लिए आहवान किया है। उन्होंन इस संबंध में अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए आमजन से यातायात के नियमों की कड़ाई से पालना करने का अनुरोध किया है।

उपायुक्त ने कहा है कि सड़क सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यातायात नियमों की अनदेखी के कारण प्रतिवर्ष अनेक दुर्घटनाएं होती हैं। जिनमें जान माल की भारी क्षति होती है। इन दुर्घटनाओं को जागरूकता और नियमों की पालना से काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि ओवरस्पीड, नशे की हालत में वाहन चलाना, मोबाइल फोन का उपयोग तथा ट्रैफिक सिग्नल की अनदेखी करना गंभीर अपराध है। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वह अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें। जिला प्रशासन द्वारा यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए समय समय पर विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने नागरिकों को आहवान किया कि सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए सभी को जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी चाहिए।



**रादौर।** जानकारी देते संरक्षक राजकुमार आर्य व हुक्म चंद आर्य। फोटो : हरिभूमि

#### महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम

**रादौर।** महर्षि दयानंद सरस्वती की 202 वीं जयंती के मौके पर 4 व 5 मार्च को दो दिवसीय आर्य सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आर्य समाज द्वारा अलाहर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में समाजसेवी मान सिंह आर्य मुख्यातिथि के रूप मौजूद होंगे। वहीं आचार्य विपिन शास्त्री उत्तरप्रदेश मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे। आर्य समाज अलाहर के संरक्षक राजकुमार आर्य व कोषाध्यक्ष हुकमचंद आर्य ने संयुक्त रूप से बताया कि 4 व 5 मार्च कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजनोपदेशक व आर्य समाज के प्रसिद्ध विद्वान अपने विचार रखेंगे। 2 दिनो तक चलने वाले भव्य व मनमोहक कार्यक्रम में वेदों के प्रगाढ़ ज्ञाता गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संगीताचार्य जयपाल आर्य द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन सन्देश पर प्रकाश डाला जाएगा। प्रसिद्ध उपदेशक मदनदीप आर्य सहारनपुर द्वारा भारतीय वीरो के गौरवशाली इतिहास एवं वैदिक श्री राम कथा का गायन किया जाएगा।

## रचनात्मकता एवं व्यवहारिक ज्ञान से शिक्षा का उद्देश्य होता है सफल : शर्मा

- मुकंद लाल नेशनल कॉलेज में होली के उपलक्ष्य में हुआ ब्रांड ओली कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



**रादौर।** ब्रांड ओली कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

मुकंद लाल नेशनल कॉलेज में होली के उपलक्ष में ब्रांड ओली का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पारंपरिक रंगोली के माध्यम से आधुनिक कॉरपोरेट जगत की बारिकियों को प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता में 110 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. माला शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य तब सफल होता है, जब विद्यार्थी अपनी रचनात्मकता को व्यवहारिक ज्ञान के साथ जोड़ते हैं। ब्रांड ओली कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने दिखाया कि कैसे रंगोली जैसी पारंपरिक कला का उपयोग मार्केटिंग व ब्रांडिंग जैसे जटिल विषयों को समझने के लिए किया जा सकता है। प्राचार्य माला शर्मा ने वाणिज्य विभाग के अध्यापकों व विद्यार्थियों को इस सफल और विचारोत्तेजक आयोजन के लिए बधाई दी। वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. पूजा वर्मा के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिता में कॉमर्स व कला विभाग की विभिन्न टीमों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने टाटा, अमूल, जोमैटो, पीएनबी, मीशो, इंस्टाग्राम जैसे प्रसिद्ध ब्रांड के लोगो बनाकर उनके पीछे छिपे व्यावसायिक मनोविज्ञान का विश्लेषण प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता परिणाम प्रतिस्पर्धा के बाद निर्णायक मंडल ने विजेता टीमों की घोषणा की और विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करने का काम किया।

## वरिष्ठजन समाज की धरोहरः श्वेता

- फ्यूचर एस्पिरेशन फाउंडेशन ने होली पर वृद्धाश्रम जगाधरी में आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



**रादौर।** बुजुर्गों के संग होली मनाते हुए फ्यूचर एस्पिरेशन फाउंडेशन के सदस्य।

फ्यूचर एस्पिरेशन फाउंडेशन द्वारा वृद्धाश्रम जगाधरी में होली पर्व के उपलक्ष में जीवन में खुशियां लाना विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन की संस्थापक श्वेता गुप्ता ने की।

फाउंडेशन की संस्थापक श्वेता गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में प्रेम, सम्मान और अपनत्व के रंग भरना रहा। उन्होंने बताया कि मौके पर वृद्धजनों के साथ फाउंडेशन के सदस्यों ने रंग बिरंगे फूलों से होली खेली। इस अवसर पर होली विशेष व्यंजन जैसे गुझिया, ताजे फल, फल, जूस व स्नेक्स वितरित किए गए। मौके पर वरिष्ठ नागरिकों को उपहार भेंटकर होली की शुभकामनाएं दी गई। संस्थापक श्वेता गुप्ता ने कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं है। बल्कि यह भावनाओं का उत्सव है। हमारे वरिष्ठजन हमारे समाज की धरोहर हैं। उनके साथ समय बिताना, उनकी मुस्कान देखना और उन्हें यह महसूस कराना कि वह अकेले नहीं हैं। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या पूनम ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में नई प्रेरणा देते हैं और युवा पीढ़ी को अपने बड़ों के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराते हैं।

## होलिका दहन को लेकर असमंजस में लोग : शास्त्री



**रादौर।** शास्त्री कॉलोनी में स्थित शिवमंदिर के पंडित अवध बिहारी पांडे ने बताया कि होली के त्योहार को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पूर्णिमा तिथि दो दिन 2 व 3 मार्च को पड़ रही है। लेकिन 3 मार्च को प्रदोष काल लगने से पहले ही पूर्णिमा तिथि समाप्त हो जा रही है। उन्होंने बताया कि यदि पहले दिन पूर्णिमा तिथि में प्रदोष काल का स्पर्श हो रहा है और दूसरे दिन नहीं हो रहा है तो पहले दिन ही भद्रा रहित काल में होलिका दहन कर लेना चाहिए। लेकिन अबकी बार होलिका दहन 2 मार्च को पूर्णिमा के साथ भद्रा का साया भी है। भद्रा मुख का समय 2 तारीख की अर्धरात्रि के बाद 2 बजकर 38 मिनट पर आरंभ होगा और 3 मार्च की सुबह 5 बजकर 32 मिनट तक भद्रा मुख रहेगाए इसलिए 2 मार्च को शाम में 6 बजकर 22 मिनट से लेकर 8 बजकर 53 मिनट का समय प्रदोष काल रहेगा और इसी समय के दौरान होलिका दहन किया जाना शुभ और शास्त्र सम्मत होगा। उन्होंने बताया कि 4 मार्च को रंगो का त्योहार फाग मनाया जायेगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे रंगो के साथ प्रेम से होली खेले।

## स्टडी वीजा के नाम पर युवती से हड़पे 13 लाख

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जगाधरी की सत्संग विहार कॉलोनी निवासी काजल को स्टडी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 13 लाख 52 हजार रुपये ठग लिए गए। आरोप मोहाली के सेक्टर 67 में स्थित एवीएम ग्लोबल वीजा सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के संचालक अमनदीप पर लगा है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सत्संग विहार कॉलोनी निवासी राजकला ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दिसंबर 2024 में उसे पता चला कि मोहाली के सेक्टर 67 स्थित एवीएम ग्लोबल वीजा सर्विस प्राइवेट लिमिटेड में युवाओं को विदेश भेजने का काम किया जाता है। इस दौरान वह कार्यालय में गई तो वहां उसकी मुलाकात अमनदीप के साथ हुई। अमनदीप ने उसे बताया कि वह युवाओं को स्टडी वीजा पर बाहर भेजने का काम करते हैं। इसके लिए आरोपी ने उससे अलग-अलग करके 13 लाख 52 हजार रुपए ले लिए। मगर इसके बाद भी आरोपी ने उसकी लड़की को विदेश नहीं भेजा। आरोपी ने पैसे देने से मना कर दिया।

## महापुरुषों के संघर्ष और आदर्शों को युवाओं के बीच लाना जरूरीः कंवरपाल

- लोहगढ़ में बाबा बंदा सिंह बहादुर मेमोरियल के निर्माण सेवा का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** शुभारम्भ करने से पहले अरदास करते हुए अतिथि।

अमर शहीद बाबा बंदा सिंह बहादुर द्वारा स्थापित प्रथम सिख राज की राजधानी लोहगढ़ जिला यमुनानगर में बाबा बंदा सिंह बहादुर मेमोरियल के निर्माण सेवा कार्य का शुभारम्भ किया गया। गुरबाणी के पाठ उपरांत अरदास की गई तथा बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों की गूंज में विधिवत रूप से पांच प्यारों ने अपने कर कमलों से पांच ईंटें रख कर निर्माण सेवा कार्य की शुरुआत की। मौके पर हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं फाउंडेशन के ट्रस्टी कंवरपाल गुर्जर ने भाग लिया। उन्होंने भी ईंट रख कर शहीदों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। गुर्जर ने बताया कि वर्तमान केन्द्रीय मंत्री तथा हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के विशेष प्रयासों से बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़ फाउंडेशन ट्रस्ट की स्थापना की गई। मौके पर मुख्यमंत्री के ओएसडी प्रभलीन सिंह, ट्रस्टी डॉ. शिव शंकर सिंह पाहवा व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार बलदेव सिंह कायमपुरी मौजूद रहे।

### शारदा गुरुकुल कलेसर में हुआ दिव्य आरती का आयोजन

# विद्यार्थियों ने चरित्रवान जीवन जीने का लिया संकल्प

पंच ज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम में 15 अप्रैल 1997 में हुई थी आश्रम की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



**रादौर।** गांव कलेसरा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते श्रद्धालु।

भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में शारदा गुरुकुल कलेसरा में रविवार को मां जगत जननी जगदंबा व सतगुरु देव श्री शक्तिपुत्र जी महाराज की दिव्य आरती का आयोजन किया गया। भगवती मानव कल्याण संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता ने आए हुए लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि आप बड़े ही सौभाग्यशाली हो जिन्होंने आज यहां पर बैठकर शारदा गुरुकुल में इस आरती क्रम का लाभ प्राप्त किया। स्कूल के सभी बच्चों ने नशा मुक्ति मांसाहार मुक्त चरित्रवान जीवन जीने का संकल्प किया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर एक ऐसे आश्रम की स्थापना हो चुकी है। जिन्होंने अपनी तीन धाराओं का गठन किया। जिनमें से पहले पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम की स्थापना व दूसरी भगवती मानव कल्याण संगठन वह तीसरी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी का गठन किया। नई दिशा प्रदान की। वहीं पर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो समाज को एक नई दिशा प्रदान कर रही है।

#### अनंत काल तक चलेगा दुर्गा चालीसा का पाठ

उन्होंने कहा कि गुरुवार जी ने बताया कि तीन धाराओं से जुड़कर ही आज समाज का पतन रुक पाएगा। समाज इन तीन धाराओं से जुड़कर ही सामाजिक बुराइयों से बच पाएगा। पंच ज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम में 15 अप्रैल 1997 से अनंत काल के लिए अखंड ज्योति जलाकर व श्री दुर्गा चालीसा का पाठ शुरू कर वहां पर आश्रम की स्थापना की व गुरुवर श्री ने बताया कि यह पाठ अनंत काल के लिए चलेगा। जब तक धरती पर मानव शेष रहेगा तब तक वह पाठ चलता रहेगा और भगवती मानव कल्याण संगठन जहां गुरुवर श्री ने शिष्यों को एक नई ऊर्जा प्रदान की

# आम बजट : आमजन को महंगाई से राहत की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आज 2 मार्च को हरियाणा का बजट पेश होगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर वित्त मंत्री बजट पेश करेंगे। बजट को लेकर हर वर्ग काफी उम्मीद लगाए बैठा है। प्रदेश की आम जनता को इस महंगाई से थोड़ी बहुत राहत की उम्मीद है, जिससे उनका जीवन आसानी से आगे बढ़ता रहे और उन्हें किसी तरह की विकट परिस्थितियों का सामना न करना पड़े। आम बजट से आमजन को काफी अपेक्षाएं हैं। सबसे ज्यादा युवाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध करवाने की उम्मीद है। बजट में सभी सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरियों के सृजन मिलने की आस लगाए हैं। युवाओं का कहना है कि रोजगार मिलने पर युवा परिवार का सहारा बन सकेंगे और अच्छे राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वाह करने में सक्षम होंगे।

### *कौशल विकास पर हो फोकस : प्रवीन कश्यप*



*युवा नेता प्रवीन कश्यप ने कहा कि आम बजट में चाहिए कि कौशल विकास पर फोकस किया जाए। युवाओं का कौशल विकास होगा तो रोजगार प्राप्त करने में सुगमता मिलेगी। प्रतियोगिता के दौर में युवाओं का कौशल विकास जरूरी है। ताकि अधिक से अधिक लोगों को प्रशिक्षित कर रोजगार के मौके उपलब्ध कराएं जा सके।*

### *रोजगार की बेहतर व्यवस्था की जाए : गौरव सैनी*



*युवा गौरव सैनी ने कहा कि इस बार आम बजट में सरकार की ओर से युवाओं को कुछ न कुछ जरूर मिलने की उम्मीद है। वित्त मंत्री युवाओं को प्रेरित करने वाला बजट पेश करें। उसमें रोजगार की बेहतर व्यवस्था करें ताकि युवाओं का भविष्य बेहतर हो सके। मौजूदा समय में रोजगारपरक शिक्षा जरूरी है।*

### *निजी क्षेत्र में भी मिले रोजगार : श्याम रावत*



*श्याम रावत ने कहा कि युवाओं को स्वयं उद्यम स्थापित करने के लिए रोजगारपरक शिक्षा की व्यवस्था करने की दरकार है। आम बजट में सरकार युवाओं के रोजगारपरक शिक्षा की व्यवस्था करें ताकि निजी क्षेत्र में भी रोजगार मिल सके। आम बजट में ऐसी व्यवस्था करने से युवा रोजगार के रथ पर सवार होकर समाज के लिए नई दिशाएं तैयार कर सकेंगे।*

### *बजट में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाया जाए*



*समाजसेवी रामेश्वर सैनी ने कहा कि अबकी बार उनको बजट से काफी उम्मीद है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कहा कि हरियाणा सरकार को खासकर अपने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अच्छा बजट लेकर आना चाहिए, क्योंकि स्वास्थ्य सेवाओं के अच्छे न होने के कारण कई लोगों पर इसका असर देखने को मिलता है जो कि अच्छा नहीं है। इसलिए उम्मीद कर रहे हैं कि बजट में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए काम किया जाए।*

## जनहितैषी बजट पेश करेंगे सीएम : कलसाना

**शाहबाद।** भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने असम से लौटते ही शाहाबाद के ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं से बैठकों का दौरा शुरू कर दिया। इसी कड़ी में सुभाष कलसाना गांव चनारथल में पहुंचे और वहां कार्यकतार्ओं के साथ संवाद किया। गांव पहुंचने पर कार्यकतार्ओं ने उनका भव्य स्वागत किया। सुभाष कलसाना ने कहा कि हरियाणा में बेरोजगारी की दर देश में सबसे कम है जो मुख्यमंत्री नायब सैनी की विकासकारी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी धरातल से जुड़े हुए व्यक्तित्व है और वह आज प्रदेश के सभी वर्गों, किसान, युवा, कर्मचारी, शिक्षा, व्यापार, महिलाओं, खेलों सभी के हितों का ध्यान रखते हुए जनहितकारी बजट पेश करेंगे। सुभाष कलसाना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 विजन की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के कुशल मार्गदर्शन में हरियाणा चहुंमुखी विकास की राह पर तेजी से अग्रसर है। सडक, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है।



## खबर संक्षेप



### महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में सीबीएसई वर्कशॉप का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय सीबीएसई वर्कशॉप का भव्य आयोजन किया गया, जिसका मुख्य विषय था नई शिक्षा नीति 2020। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसने समारोह के महत्व को और भी बढ़ा दिया। विद्यालय परिवार ने दो प्रतिष्ठित विशेषज्ञों, डॉ. सुमिता ठाकुर प्रिंसिपल, ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र और निशा सिन्हा आर्मी पब्लिक स्कूल, अम्बाला कैंट का हार्दिक स्वागत किया। वर्कशॉप में 60 समर्पित शिक्षकों ने भाग लिया और नई शिक्षा नीति 2020 और नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की। विशेषज्ञों ने शिक्षकों को होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड बनाने की प्रक्रिया और कौशल बोध के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। विभिन्न इंटरैक्टिव गतिविधियों में शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे उन्हें नई शिक्षा नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में, विद्यालय परिवार ने दोनों विशेषज्ञों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। यह वर्कशॉप निस्संदेह शिक्षकों के पेशेवर विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी और छात्रों के समग्र विकास में सहायक होगी।



### ब्रह्मज्ञान के द्वारा आत्म साक्षात्कार करना ही मानव जीवन का मूल आधार : योगेशानंद

**कुरुक्षेत्र।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम में रविवार को साधना शिविर का आयोजन किया गया। साधना शिविर के दौरान दिव्य गुरू श्रीआशुतोष महाराज की शिष्य स्वामी योगेशानंद ने उपस्थित साधक जनों को ध्यान साधना का महत्व समझाते हुए कहा कि मानव तन सृष्टि की सर्वश्रेष्ठ संरचना है इसलिए मानव को ही सृष्टि का सिरमौर कहा गया है लेकिन आज के परिप्रेक्ष्य में मानव जीवन ही सबसे अधिक दुःख, पीड़ा एवं कष्टों का सामना कर रहा है क्योंकि कोई भी वृक्ष अपने मूल से अलग होकर अधिक समय तक हरा भरा नहीं रह सकता। इसी प्रकार आज मनुष्य का जीवन भी अपने मूल आधार से टूट चुका है। आगे स्वामीजी ने विस्तारपूर्वक समझाते हुए कहा कि ब्रह्मज्ञान के द्वारा आत्म साक्षात्कार करना ही मानव जीवन का मूल आधार है। ध्यान साधना का किसी विशेष धर्म या संप्रदाय से कोई संबंध नहीं है अपितु इसका संबंध मानव मन की उपयोगिता से हैं। ध्यान साधना हमारे स्थूल, सूक्ष्म एवं कारण तीनों स्तरों पर सकारात्मक प्रभाव डालती है।



### सकल सनातन समाज द्वारा शिव मंदिर में हिन्दू सम्मेलन आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** एनआईटी-किरमच रोड पर शिव मंदिर में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सकल सनातन समाज द्वारा आयोजित हिन्दू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सर्व हिन्दू समाज द्वारा सनातन संस्कृति सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रति प्रेरित करना रहा। हिन्दू सम्मेलन का यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पूरे भारतवर्ष में किए जा रहे कार्यक्रमों का एक हिस्सा रहा जो बस्ती /मण्डल लेवल पर किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन टोली समिति द्वारा हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत शिव शक्ति जागरण पार्टी द्वारा धार्मिक, सांस्कृतिक व देश भक्ति के गीतों द्वारा हुई। कार्यक्रम में मंच का संचालन ओम प्रकाश सैनी ने बखूबी किया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आरएसएस कुरुक्षेत्र के वरिष्ठ प्रचारक रामेश्वर रहे। कार्यक्रम में आशु बाला, वीरेन्द्र दीपक, हंस टेन्ट से हितेश, लक्ष्य अचार से कृष्ण कुमार, जगतार वर्मा, कृष्ण दत्त, मास्टर रामनिवास बैरागी, रामफल, मास्टर उदय राम, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे व सभी व्यवस्थाएं देखी।



### श्रीश्याम द्वादश संकीर्तन एवं विशाल भंडारा का किया आयोजन

**थानेसर।** श्रीखाटू श्याम परिवार सेवा समिति द्वारा खाटू धाम मंदिर में शनिवार रात्रि भव्य श्री श्याम संकीर्तन एवं विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए समिति के प्रधान सुभाष सुखीजा और सचिव अटल शर्मा ने बताया कि फाल्गुन द्वादश के उपलक्ष्य में हुए इस संकीर्तन में मुख्य यजमान सहित समिति सदस्यों ने श्याम पूजन किया। संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भव्य श्याम दरबार के दर्शन किए। श्याम दरबार की आभा देखते ही बन रही थी। पुष्प श्रृंगार और इत्र की खुशबू से वातावरण महक उठा। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में समालखा से गायक राजू हंस ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई। मेश शर्मा,राजेश मोदगिल,आशीष चोपड़ा,विनीत राजपाल,राजू छाबड़ा,अशोक शर्मा,अशोक अरोड़ा,ललित अत्री,डॉ.घनश्याम शर्मा,डॉ.शिव कुमार,सतीश कारसा,लवकेश शर्मा,जतिन शर्मा,विजय गुलाटी,डा.प्रवीण शर्मा,जतिन सैनी बिशनगढ़,शेर सिंह शेरा,कृष्ण कुमार बुद्धिराजा आदि मौजूद रहे।

## पुष्प होली मिलन समारोह में कलाकारों ने होली के गीतों की दी शानदार प्रस्तुति

# होली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक

*सभी लोगों ने पुष्पों से खेली होली और जल संरक्षण का संकल्प लिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

होली केवल रंगों का त्योहार नहीं बल्कि बुराई पर अच्छाई की के विजय का प्रतीक है। होली सनातन संस्कृति का एक प्रमुख त्योहार है, जो सामाजिक समरसता, भाईचारे और समानता का संदेश देता है। यह रंगों का उत्सव समाज में वर्ग, उम्र और लिंग के भेदभाव को भुलाकर लोगों को एक साथ लाता है। यह आपसी मनमुटाव मिटाकर रिश्तों को मजबूत करने, खुशियां बांटने और आपसी वैमनस्य भूल जाने की प्रेरणा देने वाला पर्व है। यह विचार होली एवं रंगोत्सव के पावन पर्व पर कर्मयोग सेवा सदन ट्रस्ट, मातृभूमि सेवा मिशन एवं राष्ट्र रक्षा मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पुष्प होली मिलन समारोह के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र, कर्मयोग सेवा सदन ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. ममता सरोहा, राष्ट्र प्रेम मंच के अध्यक्ष विजय सैनी, महंत विजय दास ने संयुक्त रूप से भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। पुष्प होली मिलन समारोह में सरोज जांगड़ा जी सोनीपत, हरियाणवी कलाकार मीता बडौदा, मां भारती ग्रुप से प्रेम गौतम सहित अनेक कलाकारों ने होली के गीत गाकर जबरजस्त प्रस्तुति दी। सभी उपस्थित जन समूह के मध्य पुष्पों से होली खेली गई। अतिथियों पर पुष्पवर्षा की गई। उपस्थित सभी लोगों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया। मातृभूमि शिक्षा मंदिर एवं महर्षि दयानंद विद्यालय के बच्चों ने होली पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को वैद्य देशराज कश्यप, गुलशन एडवोकेट, एडवोकेट अमित सैनी, रामेश्वर यादव बतौर अति विशिष्ट अतिथि संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्र प्रेम मंच के अध्यक्ष विजय सैनी ने किया। कार्यक्रम में रणजीत अजरानी, अरुण धाराजी, यतिन दहिया, अनीता शर्मा, अंकित त्यागी, जयवीर सिंह, अधिवक्ता नरेंद्र मित्तल, देवेंद्र, सुधीर बैरागी, अंकित त्यागी, जयवीर सिंह,सहित अनेक सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शांतिपाठ से हुआ।



**कुरुक्षेत्र।** मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र को सम्मानित करते आयोजक।

## इस्कॉन 3 मार्च को 7 क्विंटल फूलों से मनाएगा होली



**कुरुक्षेत्र।** होली के पवित्र त्यौहार को इस्कॉन बड़े अनूठे तरीके से मनाता है। हर वर्ष इस्कॉन में फूलों की होली खेली जाती है, जिसमें हजारों भक्त भाग लेते है। इस वर्ष भी इस्कॉन ने इस अनूठी होली की तैयारियों शुरू कर दी है, करीब 7 क्विंटल फूलों का इंतजाम किया जा रहा हैं। माना जा रहा है कि फूलों की इस अनूठी होली को देखने के लिए हजारों श्रद्धालु ज्योतिसर स्थित इस्कॉन के श्रीकृष्ण अर्जुन मंदिर में आएंगे, और मंदिर प्रशासन भी उसी स्तर की व्यवस्था कर रहा है। फूलों की होली के पूर्व, 27 फरवरी से 3 मार्च तक, श्रीमान साक्षी गोपाल प्रभुजी के द्वारा गौर कथा का अयोजन भी किया जा रहा हैं। भगवान श्री चैतन्य महाप्रभु के जन्मोत्सव के उपलक्ष में यह कथा की जा रही है जिसमे श्रीमान साक्षी गोपाल दास प्रभु अध्यक्ष इस्कॉन कुरुक्षेत्र ने बताया कि जो व्यक्ति भगवान चैतन्य महाप्रभु जी की लीलाओं का श्रद्धा से श्रवण करता है उसका हृदय निर्मल हो जाता है। मनुष्य योनि जो मिली है अपने आप को जानने के लिए मिली है। जो व्यक्ति ब्रह्म भूत हो जाता है वह हर अवस्था में प्रसन्न रहता है क्योंकि उसे मालूम हो जाता है कि मैं शरीर नहीं मैं आत्मा हूं।

## एलसीएलओ कर्मचारियों ने मनाई बेरंग होली




**कुरुक्षेत्र।** एलसीएलओ कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र पर प्रदर्शन करते हुए काली बेरंग होली मनाई। इस बेरंग होली में पूरे राज्य के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अपनी मांगों को लेकर एलसीएलओ क्रिड़ विभाग हरियाणा सरकार के कर्मचारियों का धरना लगातार 163 दिन से कुरुक्षेत्र सीएम सिटी में जारी है लेकिन सरकार ने अब तक इनकी समस्याओं का कोई हल नहीं किया है। यह विरोध प्रदर्शन सरकार के सुशासन के दावों की पोल खोलता है। हरियाणा प्रदेश पूरे देश में बेरोजगारी में पहले स्थान पर है और ये कर्मचारी इसका जीता जागता उदाहरण है जो 2 साल से दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। एलसीएलओ राज्य प्रधान पवन डागर ने बताया कि इतनी मंहगाई के जमाने में 2 साल से एक भी नया पैसा तनख्वाह के रूप में इन इन कर्मचारियों को नहीं मिला है। इन कर्मचारियों की बदहाली हरियाणा सरकार की बिना पर्ची खर्ची और बिना सैलरी की भर्ती को उजागर करने का काम करती है। हरियाणा सरकार ने इन बेरोजगार युवाओं से लगभग 20 करोड़ रुपए फॉर्म फीस के बटोर लिए और 2 साल से इन्हें दर दर की ठोकरें खाने को छोड़ दिया।

## युवाओं के लिए तोहफा : रामशरण माजरा में खुलने जा रहा राजकीय कॉलेज

- उपाध्यक्षा सुमन सैनी रविवार को बाबैन मंडल के विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए रामशरण माजरा गांव में राजकीय कॉलेज खोलने के निर्देश दिए हुए हैं। इस परियोजनाओं को लेकर हायर एजूकेशन विभाग तेजी से काम कर रहा है। गांव रामशरण माजरा में कॉलेज खुलने से लाडवा विधानसभा के दर्जनों गांवों के युवाओं को पढ़ने के लिए शाहाबाद, बराड़ा और कुरुक्षेत्र जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। उपाध्यक्षा सुमन सैनी रविवार को बाबैन मंडल के विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों को संबोधित कर रही थी। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने गांव रामपुरा, भगवानपुर, ईसरहेडी, बेरथला, सुनारियां, फलसडा रागडान, घिसरपड़ी, रामशरण माजरा और नखरोजपुर के नागरिकों की समस्याओं को सुना और समस्याओं का निपटारा करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, मार्केट कमेटी चेयरमैन जसविंदर जस्सी, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, नायब सिंह पटाक माजरा, किरण शर्मा, कुलदीप रोहिल्ला, गुरमेल, अर्जुन सिंह, भीम सिंह, विक्रम सिंह, राय सिंह, प्रवीन कुमार, गुलशन कुमार, कौशल सैनी, विकास कुमार, सोहन लाल, मिक्सन आदि मौजूद रहे।



**लाडवा।** समस्याएं सुनती हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी।

## इंसान को हृदय में बैठे आत्मदेव को सर्वोच्च मानना चाहिए : शक्तिदेव

**कुरुक्षेत्र।** जय ओंकार आश्रम श्रीब्रह्मा मंदिर की ओर से स्वामी श्रीशक्ति देव कुरड़ी वालों के साप्ताहिक प्रेरणा दी-कि प्रत्येक इंसान को अपने हृदय में बैठे आत्मदेव को सर्वोच्च मानना चाहिए क्योंकि आत्मदेव में ही सद्गुरु भगवान की कृपा वास करती है। उसी में देवी देवताओं का प्यार उत्पन्न होता है जिससे हम दिव्य-भाव प्रकट करते हैं और गुरुदेव की उपासना करते हैं। गुरुदेव को निराकार परब्रह्म सर्वोच्च भगवान मानते हैं इसीलिए आत्मदेव ओंकार भगवान का एक अंश है जो हमारे हृदय के अंदर विराजमान है जो हमारी हर-पल हर-क्षण नकारात्मक शक्तियों से रक्षा करते हैं। हमारे जीवन में धन-धान्य भरपूर उत्पन्न करते हैं इसीलिए हमें अपने आत्म देव को हमेशा सद्गुरु चरणों में समर्पण करके जीवन यापन करना चाहिए। संघ संचालक पंडित शिवनारायण दीक्षित ने कहा कि हमें अपने गुरुदेवजी को सर्व प्रथम मानते हुए पूजा करनी चाहिए जिससे उनकी कृपा की बरसात हृदय में सदैव होती रहे। प्रति रविवार श्रद्धालुजन गुरु वाणी सुनकर अपनी समस्याओं का निराकरण करते हैं।





## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। एनआईटी कुरुक्षेत्र की एनएसएस इकाई द्वारा दयालपुर गांव के आरोग्य मंदिर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान के निदेशक प्रो. बी. वी. रमना रेड्डी के गरिमामयी मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम को डॉ. दीक्षित गर्ग (एसोसिएट डीन - पूर्व छात्र मामले, पूर्व छात्र कल्याण अधिष्ठाता और विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग) तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. प्रतिभा अग्रवाल का संरक्षण प्राप्त रहा। डॉ. दीक्षित गर्ग ने ग्रामीणों और सरपंच के साथ सक्रिय रूप से संवाद कर सुचारू समन्वय और सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम समन्वयक सहायक प्रोफेसर धीरज शर्मा और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमनदीप कौर के नेतृत्व में इकाई द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। शिविर के संयोजक पुलिस विभाग के सर्वोच्च रक्तदाता डॉ. अशोक कुमार वर्मा रहे जिन्होंने रक्तदान शिविर के संचालन में विशेष भूमिका निभाई और रक्तदाताओं के लिए फलाहार और जूस आदि की व्यवस्था की। उन्होंने घर-घर जाकर ग्रामीणों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

**धर्म- कर्म** शक्ति आराधना के पावन महापर्व नवरात्रि की भद्रकाली शक्तिपीठ में सेवक मंडल की बैठक

# भद्रकाली मंदिर से 18 को निकाली जाएगी विशाल शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

चैत्र नवरात्रि मे श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुव्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने हेतु माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में रविवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई । पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा के अनुसार चैत्र नवरात्रि को आनंद महोत्सव व अश्विन नवरात्रि को शक्ति महोत्सव के नाम से मनाया जाता है । इस वर्ष आनंद महोत्सव 18 मार्च से 2 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें 19 मार्च से 26 मार्च तक नवरात्रि पर्व होगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पीठाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियों की रिहर्सल करवाई।



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में मौजूद सेवादार।

### श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाओं की रूपरेखा बनाई

श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु दर्शन व्यवस्था, पार्किंग, स्वच्छता एवं पेयजल की समुचित व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार की गई। 18 मार्च, बुधवार, प्रथम नवरात्रि से एक दिन पूर्व हरियाणा की सबसे बड़ी शोभायात्रा निकलेगी, जो दोपहर 1 बजे माँ भद्रकाली शक्तिपीठ से ज्योति रथ के साथ संपूर्ण नगर में भ्रमण करते हुए सांय 6 बजे पुनः मंदिर में प्रतिष्ठापित होगी। शोभायात्रा के रूट में शोभायात्रा का स्वागत व प्रसाद वितरण करने वाले भक्तों से भी निवेदन किया गया कि वे ज्यादा से ज्यादा स्वच्छ जल की व्यवस्था व साफ सफाई की व्यवस्था रखें । 19 मार्च, वीरवार को प्रथम नवरात्रि के अवसर पर गौरवशाली सनातन हिंदू नववर्ष विक्रमी संवत 2083 अभिनंदन महोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर रात 8 बजे से भारत माता पूजन एवं विशेष आतिशबाजी होगी, जिसमें कलर डे आउट पटाखों का प्रयोग किया जाएगा। 19 मार्च को ही माँ का विशेष सचित्र स्वर्णिम खजाना प्रातः 7 बजे से मुख्य पुजारिन श्रीमती शिमला देवी द्वारा भक्तों को प्रदान किया जाएगा । हरियाणा व विशेषतौर पर कुरुक्षेत्र की प्रसिद्ध जागरण मंडलियों द्वारा प्रतिदिन भजन संध्या सांय 4 से 7 बजे तक होगी, जिसका समापन 505 दीप महाआरती के साथ सांय 7 बजे होगा। मीटिंग में डॉ एम के मौदगिल, शिमला देवी, देवेंद्र गर्ग, संजीव मित्तल, हाकम चौधरी, जीवन मौदगिल, सुनील वर्मा, बलवान, विशु संधू, पूनम, अनिल सहित सैकड़ों सेवक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नेत्र जांच शिविर में 53 ने करवाई जांच

**शहजादपुर।** श्री सनातन धर्म महावीर दल नारायणगढ़ के तत्वाधान में रविवार को लगाए गए निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 53 नेत्र रोगियों ने अपने नेत्रों की विभिन्न बीमारियों की जांच करवाई। स्थानीय बजरंग भवन में लगाया गया यह शिविर कपिल आई अस्पताल तथा माधव नेत्र बैंक के सहयोग से लगाया गया। महावीर दल के महासचिव राजेश वर्मा ने बताया कि इस शिविर में कपिल आई अस्पताल से आई विशेषज्ञों की टीम ने लोगों की आंखों की बीमारियों की जांच की। साथ ही फ्री दवाईयां भी वितरित की।

### शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया

**शहजादपुर।** महंत योगी बचन नाथ फ़ाउंडेशन के द्वारा श्री श्री 1008 सिद्ध योगी बचन नाथ बचन की 20वी पुण्य तिथि के उपलक्ष्य पर श्री श्री 108 महंत योगी उषा नाथ गद्दीनसीन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम 7 वां विशाल रक्तदान शिविर ब्लड बैंक सिविल अस्पताल के सहयोग से लगाया गया। इसमें 51 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर में मुख्य अथिति स्वामी ज्ञान नाथ ने शिरकत की। इस कैंप में सतीश राणा, सिकंदर डावर, डॉक्टर उषा, विपिन मिश्रा, अश्विनी डावर ने सेवा की।

### हजारों रुपये के सामान पर किया हाथ साफ

**शहजादपुर।** रेड फोर्ट पैलेस और उसके साथ सटे एक पशु बाड़े में चोरों ने हजारों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने इस मामले में दो पीड़ितों की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यहां के रहने वाले अमित कुमार गोयल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने 'रेड फोर्ट पैलेस' ठेके पर लिया हुआ है। 27 फरवरी 2026 की रात चोरों ने पैलेस में प्रवेश कर साइकिल,जनरेटर की बैटरी और कार 3की बैटरी,10 लाइटें,10 टब और पतीले चोरी कर लिए। चोरी की यह वारदात केवल पैलेस तक ही सीमित नहीं रही।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च 2026 को किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया की लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समय- समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है, इस कड़ी में आगामी 14 मार्च 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में वैवाहिक, पारिवारिक विवाद, आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, बैंक रिकवरी मामले और पेंशन मामलों का निपटारा होगा।

### पास के डिपो से भी मिलेगा राशन

**अंबाला।** जिला के सभी पीडीएस लाभार्थियों से अपील की जाती है कि यदि आपके राशन कार्ड के साथ डंच किए गए राशन डिपो पर पीडीएस राशन वस्तुओं का स्टॉक खत्म हो जाता है तो पास के राशन डिपो से आवश्यक राशन वस्तुओं का स्टॉक प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए सभी डिपोधारकों को आदेश दिए गए हैं कि जब भी उनके डिपो पर कार्डधारक पोर्टेबिल्टी के तहत राशन प्राप्त करने के लिए आते हैं तो कार्डधारकों में पात्रता अनुसार राशन वितरण करना सुनिश्चित करें।

### अपहृत लड़की गुरुग्राम से बरामद, आरोपी काबू

**जींद।** सदर थाना सफीदों इलाके से लगभग अढाई माह पहले अपहृत की गई नाबालिग लड़की को पुलिस ने गुरूग्राम से बरामद कर आरोपित को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अपहरण, यौन शोषण करने चार व छह पाक्सो एक्ट समेत अन्य धारा जोड़ कर अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया। सदर थाना सफीदो इलाके व्यक्ति ने गत 10 जनवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था।

---

*लाखों की संख्या में श्रद्धालु मत्था टेकने आते हैं*

### प्राचीन मंदिर में 10 को एक दिवसीय मेले का आयोजन, सभी तैयारियां पूरी

# शीतला माता मंदिर में मत्था टेकने से बच्चे रोग मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

गांव जागधौली में 10 मार्च को सैंकड़ो वर्ष प्राचीन एक दिवसीय शीतला माता के मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला हर साल होली के त्यौहार के बाद आने वाले पहले मंगलवार को लगता है। मान्यता है कि यहां पर श्रद्धालु मन्नत मांगते हैं कि उनके बच्चे रोगों से दूर रहे व सही सलामत रहे और मन्नत पूरी होने पर परंपरा के अनुसार श्रद्धालु मिट्टी से बने एक बर्तन कंडेरा को चढाते हैं। यहां पर दूर दूराज क्षेत्रों से व पंजाब, हिमाचल, यूपी व अन्य प्रदेशों से भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु मत्था टेकने आते हैं। मेले में बच्चों का पहला मुंडन भी कराया जाता है, यानी बच्चों के सुच्चे बाल भी कटवाए जाते हैं। इसके साथ ही नवविवाहित युगल मत्था टेकने आते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से मेले में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। मंदिर कमेटी द्वारा दंगल का भी आयोजन कराया जाता है। शीतला माता एक प्रमुख हिंदू देवी के रूप में पूजी जाती है।



**मुलाना।** मां शीतला दरबार जागधौली।

#### बासी खाने का लगता है भोग

शीतला माता स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी मानी जाती है, इसलिए शीतला माता की पूजा का विधान पूर्णत महत्वपूर्ण है। शीतला माता की पूजा विधि विधान के साथ की जाती है, शुद्धता का पूर्ण ध्यान रखा जाता है। इस विशिष्ट उपासना में एक दिन पूर्व देवी को भोग लगाने के लिए बासी खाने का भोग यानी ृबसौडाृ उपयोग में लाया जाता है। बासी वस्तुओं का नैवेद्य शीतला माता को अर्पित किया जाता है। पूजन व भोग सोमवार मंगलवार को आधी रात 12 बजे किया जाएगा। यह मेला गांव के लिए किसी उत्सव से कम नहीं होता। इस मेले में समस्त गांववासी अपना पूरा सहयोग देते हैं। जागधौली सरपंच पति रणदीप राणा ने बताया कि शीतला माता के मंदिर का हर साल चढ़ावे का ठेका दिया जाता है। इस वर्ष मंदिर का ठेका 18 लाख 50 हजार रूपए में हुआ है। जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 2 लाख 39 हजार बढा है। मेले की परंपरा के अनुसार ठेकेदार के घर से माता की ज्योत लाई जाती है और शीतला माता को जो पहला भोग लगाया जाता है। वह ठेकेदार के घर से लाए बासी भोजन का ही लगाया जाता है।

### 15 मार्च तक चलेगा मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान

**अंबाला।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान 15 मार्च 2026 तक चलेगा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य किसानों को उनकी फसल बीमा पॉलिसी घर-घर पहुंचाकर उपलब्ध कराना है, ताकि प्रत्येक पात्र किसान को अपनी बीमा पॉलिसी की स्पष्ट जानकारी मिल सके।उप कृषि निदेशक जसविन्द्र सैनी ने बताया कि मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बीमित किसान अपनी पॉलिसी से वंचित न रहे तथा फसल क्षति की स्थिति में समय पर दावा कर सके। विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी गांव-गांव जाकर किसानों को उनकी बीमा पॉलिसी की प्रति सौंपेंगे।

---

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बडौली, शिक्षा मंत्री ने जाना हालचाल

# मंत्री अनिल विज के जल्द स्वस्थ होने की कामना की

- जम्मू-कश्मीर के नगरोटा से विधायक देवयानी राणा ने मंत्री अनिल विज के निवास पर पहुंच उनका स्वास्थ्य जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के अंबाला छावनी स्थित आवास पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, प्रदेश के शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा, कोसली विधायक अनिल यादव, जम्मू-कश्मीर के नगरोटा से विधायक देवयानी राणा, पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल के अलावा विभिन्न संगठनों तथा बड़ी संख्या में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए भाजपा कार्यकर्ताओं एवं उनके प्रशंसकों ने हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की मंगलकामना की। प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज का स्वास्थ्य जानते हुए उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस भेंट के दौरान उन्होंने संगठन से जुड़े विषयों पर भी संक्षिप्त चर्चा की। वहीं प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने मंत्री अनिल विज के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की। जम्मू-कश्मीर के नगरोटा से विधायक देवयानी राणा ने मंत्री अनिल विज के निवास पर पहुंच उनका स्वास्थ्य जाना। इस दौरान उनके साथ भाजपा जम्मू-कश्मीर के राज्य इकाई सदस्य चेतन वांनचू भी मौजूद रहे। इसी प्रकार पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल, पूर्व रतिया विधायक रविंद्र ने मंत्री अनिल विज का हालचाल जाना सुबह ही अंबाला छावनी के कई गुरुद्वारा कमेटियों के पदाधिकारियों, सदस्यों व सिख संगत ने मंत्री अनिल विज के आवास पर पहुंच अरदास की। पंजाबी गुरुद्वारा साहिब के हेडग्रंथी सुखविंद्र ने सिख संगत के साथ मिलकर अरदास की। सिख संगत ने कहा कि मंत्री अनिल विज अंबाला की शान हैं। वह सभी मिलकर यही कामना करते हैं कि वह जल्द स्वस्थ होकर जनसेवा के कार्यों में लौटे।



**अंबाला।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ऊर्जा मंत्री अनिल विज का हालचाल जानते हुए।

#### ये पहुंचे

इस अवसर पर सरबजीत सिंह जोर, जसवंत सिंह भाटिया, अमरप्रीत सिंह, राजेंद्र सिंह, कुलवंत सिंह, रणजीत सिंह, इकबाल सिंह, चनदीप सिंह, हरविंद्र सिंह, कुलजीत सिंह बेदी, स्वर्ण सिंह, गुरजीत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। आर्य गर्ल्स कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डा. अनुपमा आर्य ने मंत्री अनिल विज को समर्पित कविता "अजीम शख्स" सहित कई कविताएं पढ़ी। मंत्री अनिल विज को समर्पित यह काव्य संग्रह उन्होंने स्वयं लिखा था। भाजपा महिला से जुड़ी महिलाओं ने मंत्री अनिल विज का हालचाल जाना, इसके अलावा भाजपा आईटी सेल टीम, विभिन्न भाजपा पार्षदों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका हालचाल जाना। मंत्री अनिल विज का हाल जानने के लिए पूर्व सूचना आयुक्त हरियाणा व पंजाबी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक मेहता अपनी टीम के साथ मंत्री अनिल विज के आवास पर पहुंचे। इसी प्रकार कांग्रेस नपा सदस्य सुधीर जायसवाल, अमेरिका में एनआरआई गुरुद्वारा सोसाइटी के प्रधान जत्थेदार चरण सिंह, जेसीआई अंबाला, ब्राह्मण सभा सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनका हालचाल जाना।

---

# विवि में नए भवन के निर्माण का शिलान्यास

### बीके बहनों ने जल्द निर्माण कार्य पूरा होने की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी में प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से रविवार को भवन निर्माण का शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी की अध्यक्षता में किया गया। पन्ना कॉटेज सेवा केंद्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रानी दीदी व सह संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शोभा दीदी के निमत्रंण पर साहा, शाहाबाद, बराड़ा, मुलाना, साढौरा, शहजादपुर, अंबाला शहर, यमुनानगर, करनाल व नारायणगढ़ स्थित ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्रों से राजयोग शिक्षिकाएं भी समारोह में पधारी। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़ पंजाब जोन के डायरेक्टर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रेम दीदी फरीदकोट से व राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उत्तरा दीदी चंडीगढ़ की विशेष वरदानी उपस्थिति रही। इसके अलावा कार्यक्रम में वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी कविता दीदी भी चंडीगढ़ से पधारी।



अंबाला। समारोह में मौजूद मुख्यअतिथि अनुभवानंद महाराज व अन्य बीके बहनें।

### रिहायशी भवन से कीमती सामन चोरी

**अंबाला।** जलबेड़ा रोड स्थित ब्लॉक नंबर 11 के एक बंद मकान से चोर अलमारी तोड़कर सोने के आभूषण व नकदी ले गए। चोर खिड़की पर लगी ग्रिल उखाड़ने के बाद भीतर दाखिल हुए थे। 24 फरवरी को पड़ोसी से फोन पर सूचना मिली कि मकान के ताले टूटे पड़े हैं। पुलिस ने मकान मालिक प्रदीप आहलूवालिया की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्रदीप ने बताया कि 12 दिसंबर 2025 को अपने बेटे आदित्य के पास महाराष्ट्र गए थे। घर पर ताला लगा था। 24 फरवरी 2026 की दोपहर को उनके पड़ोसी राम शरण ने फोन पर सूचना दी कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहज़ादपुर

पंचकुला-यमुनानगर हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 31 वर्षीय युवक की जान चली गई। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज कर लिया है। मृतक की पहचान राहुल (31 वर्ष) वासी गांव राजौली के रूप में हुई है। राहुल अंबाला शहर के जग्गी सिटी सेंटर में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। वह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर ड्यूटी के लिए घर से निकला था। सुबह करीब 8:45 बजे, जब वह मघरपुरा के पास हाईवे पर पहुंचा तो शहजादपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। चश्मदीदों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि राहुल का सिर सड़क पर जोर से लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल राहुल को तुरंत राजपुरा के लीलावती अस्पताल ले जाया गया। उसे बेहतर इलाज के लिए सिविल अस्पताल अंबाला कैंट रेफर कर दिया गया। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

---

# पीलिया, हेपेटाइटिस-ए के बढ़ते मामलों पर जिला प्रशासन सख्त

- आदेश की अवहेलना पर ₹5000 जुर्माना, कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

उगाला में पीलिया और हेपेटाइटिस-ए के बढ़ते मामलों ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। हालात को गंभीर देखते हुए खंड विकास अधिकारी के निर्देश पर पूरे गांव में मुनादी कर सख्त आदेश जारी किए गए हैं। प्रशासन ने साफ कहा है कि खुले में रखे, कटे-फटे या असुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री किसी भी सुरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गांव में मुनादी के माध्यम से रेडी-फड़ी संचालकों को चेतावनी दी गई है कि जंक फूड, दूषित पेय पदार्थ और अस्वच्छ तरीके से तैयार खाद्य सामग्री की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध रहेगा। बीमारी के फैलाव को रोकने के लिए अस्थायी रूप से रेडी-फड़ी न लगाने के निर्देश दिए गए हैं। आदेशों की अनदेखी करने वालों पर 5000 का जुर्माना लगाया जाएगा और जरूरत पड़ने पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। अधिकारियों ने दो टूक कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही या खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की टीमों को निगरानी बढ़ाने और संदिग्ध मामलों पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।



**बराड़ा।** पीलिया व हेपेटाइटिस-ए के बढ़ते मामलों के बीच मुनादी करते हुए कर्मचारी।

### पूरी उम्र के बावजूद निगम चुनाव में नहीं मिलेगा वोट का अधिकार

**अंबाला।** प्रस्तावित नगर निगम चुनाव के लिए एक तकनीकी पेंच सामने आया है। म्यूनिसिपल मामलों के जानकार हेमंत कुमार ने बताया कि 2 जुलाई 2024 के बाद 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा इस बार मतदान नहीं कर सकेंगे। इसका मुख्य कारण यह है कि नगर निगम चुनाव के लिए कोई अलग सूची नहीं बनती बल्कि विधानसभा की मतदाता सूची को ही आधार माना जाता है। हेमंत कुमार ने बताया कि मार्च 2017 में हरियाणा निगम चुनाव नियमावली में संशोधन किया गया था। नए नियमों के अनुसार, आयोग की ओर से हलके के लिए तैयार की गई सूची के नामों को ही वार्डों में बांटा जाता है। यदि व्यक्ति का नाम विस की सूची में नहीं है तो निगम चुनाव में वोट नहीं डाल पाएगा।

# सर्वसम्मति से केएल सैनी बने प्रधान

### युवाओं को सभा से जोड़ने के लिए किया जाएगा प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

सैनी सभा हल्का की एक मीटिंग प्रधान डॉक्टर सुरेंद्र सैनी एवं महासचिव हेमराज सैनी की अध्यक्षता में सभा के प्रांगण में हुई। मीटिंग में सैनी सभा की गवर्निंग बॉडी का चुनाव हुआ। चुनाव रिटर्निंग अधिकारी जंग बहादुर की देखरेख में हुआ।गर्वनिंग बॉडी के सदस्यों का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। इसमें प्रधान केएल सैनी ,महासचिव सोमनाथ सैनी, उप प्रधान सतपाल सैनी , कोषाध्यक्ष सुखविंदर सैनी सरपंच सरदेहड़ी , ज्वाइंट सेक्रेट्री जसविंदर सैनी हल्दरी , कोऑर्डिनेटर डॉ. बलदेव सैनी बराडा , तकनीकी सलाहकार मायाराम सैनी मुलाना , लीगल एडवाइजर एडवोकेट संदीप सैनी सुभरी , मीडिया प्रभारी प्रवीण सैनी रजौली और वरिष्ठ सलाहकार जीत राम सैनी , जगीर सिंह सैनी, रोशन लाल सैनी धनौरी, रोशन लाल सैनी सुभरी को चुना गया । सभा के सदस्यों ने नवनियुक्त टीम को मुंह मीठा कर बधाई दी। इस मौके पर नवनियुक्त प्रधान केएल सैनी ने पुरानी टीम के सराहनीय योगदान के लिए धन्यवाद किया एवं उन्होंने कहा कि वह उनके कामों का अनुसरण कर सभा के निर्माणाधीन भवन के कार्य को ओर तेजी से आगे बढ़ाएंगे। डॉ. सुरेंद्र सैनी,डॉ. बलदेव सैनी, नरेश सैनी सुभरी मौजूद थे।



**मुलाना।** नवनियुक्त प्रधान को बधाई देते सभा सदस्य।

---

# जेल में बंद शिक्षिका को मिली नियमित जमानत

### जातिगत टिप्पणी करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

एससी एसटी अधिनियम के तहत आरोपी सरकारी स्कूल की शिक्षिका को अदालत से राहत मिल गई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित शर्मा की अदालत ने आरोपी शिक्षिका को नियमित जमानत दे दी है। आरोपी शिक्षिका पर अपनी सहकर्मी के खिलाफ जातिगत टिप्पणी करने और सर्विस रिकॉर्ड में अभद्र शब्द लिखने का आरोप था। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में तैनात अर्थशास्त्र की पीजीटी शिक्षिका ने पुलिस को शिकायत दी थी। बताया था कि वह अनुसूचित जाति से संबंध रखती हैं। कॉमर्स की पीजीटी शिक्षिका ने जातिगत द्वेष के चलते सितंबर 2024 में उनकी उपस्थिति पंजिका में डिस्मिस शब्द लिख दिया था। इससे पहले मार्च 2025 में प्रिंसिपल की मौजूदगी में उनके खिलाफ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल भी किया गया था। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने बताया कि उनकी मुवक्किल स्थायी रूप से दिव्यांग हैं। उन्हें इस मामले में झूठा फंसाया गया है। वह 4 फरवरी 2026 से हिरासत में है। सरकारी वकील ने जमानत का विरोध करते कहा कि आरोप गंभीर है।

### सेवा समितियों ने 13 कन्याओं का करवाया सामूहिक विवाह

# जरूरतमंद बेटियों की शादी करवाना पुण्य का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

अपनी बेटी का विवाह तो सभी करवाते हैं परंतु पराई बेटी का विवाह करवाना सबसे बड़ी सेवा और पुण्य का कार्य है। सामूहिक विवाह समाज की आवयश्कता है। कन्याओं का विवाह करवाना पुण्य का कार्य है इससे बड़ी सेवा नही हो सकती। ऐसे आयोजन में सामाजिक संगठनों और समाज सेवियों को आगे आना चाहिए। यह बात राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के राष्ट्रीय प्रधान एवं श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति एवं जियो गीता परिवार के अध्यक्ष अशोक मेहता ने कही। वे रविवार को नगर खेड़ा पर संस्था द्वारा करवाए जा रहे 13 कन्याओं के सामूहिक विवाह के अवसर पर बोल रहे थे। कन्याओं के सामूहिक विवाह के दौरान बारात का नगर खेड़ा में स्वागत किया गया।



**नारायणगढ़।** नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते महासभा के पदाधिकारी।

#### नर सेवा करना ही नारायण सेवा

अशोक मेहता ने बताया कि यह सारा आयोजन गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से चल रहा है। संत हमेशा समाज का भला चाहते हैं। संत का जीवन पांच लक्षणों से परिपूर्ण होता है। संसार में बहुत कम लोग पाए जाते हैं, जो समाज व संसार का भला चाहते हैं। जो संसार का भला चाहता हो वह व्यक्ति संत होता है। जन्म से कोई व्यक्ति बड़ा नहीं होता जन्म से कोई व्यक्ति बड़ा नहीं होता, कर्म ही बड़ा बना सकता है। मनुष्य को उसके अच्छे कर्म ही अमर बनाते है। हर मनुष्य में संभावना है, उसकी क्षमता का पूरा उपयोग करना समाज पर निर्भर है। जब हम सभी मानवतावाद के सिद्धांत पर प्रेरित होकर काम करेंगे तभी समाज का भला होगा। उन्होंने कहा कि आवश्यकता चरित्र को सजाने की है और इसका सामान श्रीमद् भागवत गीता में ही मिल सकता है। उन्होंने बताया कि समाज में रहकर नर सेवा करना ही नारायण सेवा है, जो लोग जरूरतमंदों की सेवा सहायता करते हैं, वे सच्चे समाजसेवी हैं। अपने लिए तो सभी जीते हैं, जो दूसरों की मदद के लिए आगे आते हैं। वे सच्चे मानव होते हैं।